समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Tuesday, 22 September 2026

# बेवर : गाली-गलौज व जान से मारने की धमकी का आरोप, पुलिस जांच मे जुटी

हरिओम

Published on 25 Jan 2026




कस्बे के मोहल्ला शिवनगर कॉलोनी की एक महिला ने पड़ोसी पर गाली-गलौज करने और उसके पति को जान से मारने की धमकी देने का गंभीर आरोप लगाया है। पीड़िता ने तहसील पहुंचकर मामले की शिकायत दर्ज कराई, जिसके बाद पुलिस ने तहरीर लेकर जांच शुरू कर दी है।

पीड़िता **ज्योति पत्नी अरुण कुमार**, निवासी शिवनगर कॉलोनी, ने बताया कि शुक्रवार सुबह उनका पति अरुण कुमार घर के बाहर गाड़ी धो रहे थे। उसी समय वह भी पति के साथ खड़ी थीं। तभी पड़ोस में रहने वाला नामजद आरोपी मौके पर आया और बिना किसी कारण गाली-गलौज करने लगा।

पीड़िता के अनुसार जब उन्होंने और उनके पति ने आरोपी को ऐसा करने से मना किया, तो वह आक्रोशित हो गया और मारपीट पर आमादा हो गया। इस दौरान आरोपी ने उनके पति को जान से मारने की धमकी भी दी, जिससे परिवार में भय और तनाव का माहौल बन गया।

घटना के बाद पीड़िता ने तहसील पहुंचकर पूरे मामले की लिखित शिकायत दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि जांच के बाद आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/हरिओम, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.